समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 24 September 2026

# भारत के एक्शन का पाकिस्तान को सता रहा डर! UNSC की मीटिंग से पहले भेज दी रिक्वेस्ट- बंद कमरे मे हो बात।

Publisher

Published on 05 May 2025



## पहलगाम हमले के बाद भारत के एक्शन से पाकिस्तान मे खौफ का माहौल है. इसलिए पाकिस्तान की ओर से UNSC की बैठक बुलाए जाने की अपील की गई थी.

पहलगाम हमले के बाद भारत के एक्शन से पाकिस्तान डर गया है और उसने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक बुलाए जाने की अपील की, जिसके बाद आज (5 मई, 2025) UNSC की मीटिंग बुलाई गई. अब पाकिस्तान ने UNSC से अपील की है कि इस मामले में बंद कमरों में बातचीत की जाए.

पहलगाम हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव काफी बढ़ गया. अब पाकिस्तान की मांग पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद भारत-पाकिस्तान के बीच मौजूदा हालात पर बंद कमरे में विचार-विमर्श करेगा. UNSC में बंद कमरे में होने वाली चर्चा सार्वजनिक नहीं की जाती. पाकिस्तान वर्तमान में UNSC का एक अस्थायी सदस्य है और जुलाई में 15 देशों वाली संयुक्त राष्ट्र संस्था की अध्यक्षता करेगा.

### PAK को सता रहा भारत की जवाबी कार्रवाई का डर

संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान के स्थायी प्रतिनिधि असीम इफ्तिखार अहमद ने मीडिया से बात करते हुए कहा था कि ये सबकुछ जम्मू-कश्मीर में हुए आतंकी हमले की पृष्ठभूमि में हो रहा है. उन्होंने कहा कि पहलगाम हमले के बाद जो हालात बने, वो क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय शांति एवं सुरक्षा के लिए खतरा हैं. पाकिस्तान समेत UNSC के किसी भी सदस्य के लिए यह पूरी तरह उचित होगा कि वह सुरक्षा परिषद की बैठक और चर्चा का अनुरोध करे ताकि इस गंभीर स्थिति पर विचार किया जा सके.

### कभी हमले की धमकी तो कभी जांच का ड्रामा

पहलगाम हमले के बाद जबसे भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ कड़े फैसले लिए हैं, तबसे पाकिस्तान के रक्षा मंत्री, विदेश मंत्री, सूचना मंत्री, रेल मंत्री और पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जैसे बड़े-बड़े नेता भारत के खिलाफ जहर उगल रहे हैं. इन नेताओं ने भारत को गौरी, गजनवी, अब्दाली जैसी मिसाइलों और परमाणु हथियारों की धमकी दी. वहीं दूसरी ओर प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ कई बार अंतरराष्ट्रीय समुदाय से पहलगाम हमले की जांच की बात कह चुके हैं.

## पहलगाम हमले के बाद भारत ने रोका सिंधु का पानी

पहलगाम आतंकी हमले में 26 पर्यटकों की मौत हो गई थी, जिसके बाद भारत ने कड़े फैसले लेते हुए सिंधु जल समझौता को सस्पेंड कर दिया था. इसके साथ ही सभी पाकिस्तानियों का वीजा रद्द कर दिया गया. भारत ने पाकिस्तान स्थित हाई कमीशन से अपने रक्षा सलाहकारों को वापस बुला लिया. इसके अलावा पाकिस्तान के साथ कारोबार पूरी तरह खत्म कर लिया है, जो पड़ोसी देश के लिए बड़ा झटका साबित होगा.

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.